Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to increase the number of BSNL towers in Balaghat Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.

डॉ. ढालसिंह बिसेन (बालाघाट): सभापति महोदया, आपको बहुत-बहुत धन्यवाद कि आज शून्य काल में आपने मुझे अपने क्षेत्र के विषय को उठाने का अवसर प्रदान किया है। महोदया, आप जानती हैं कि इस समय कोरोना के कार्यकाल में, जैसे ही लॉकडाउन लगा तो सारे लोगों को वर्क फ्रॉम होम करना पड़ गया। छात्रों को भी अपनी पढ़ाई डिजिटल तरीके से करनी पड़ गई। इन सबके कारण से नेट कम चलने से मेरे बालाघाट लोक सभा क्षेत्र में, साथ में शिवनी जिला भी है, इसमें नेट के नहीं चलने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहां बीएसएनएल भी खराब काम करता है। वहां आइडिया भी काम नहीं कर रहा है और एयरटेल का भी वहां काम सही नहीं है और इनकी संख्या भी कम है। इसलिए मुख्यत: हमारा सरकारी बीएसएनएल ही बचता है। संख्या कम होने के कारण और नेट नहीं चलने के कारण से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। हम डिजिटल लेन-देन नहीं कर पा रहे हैं। लोगों के जितने कारोबार हैं, बैंक का लेन-देन नहीं हो पा रहा है। ये सारी दिक्कतें कोरोना काल में आई हैं। इसलिए मैं चाहता हूँ कि बालाघाट क्षेत्र, जो हमारा नक्सल प्रभावित जिला है, यहां पर बीएसएनएल के टॉवर्स और बढ़ाए जाएं। साथ ही जियो, एयरटेल, रिलायंस आदि अन्य टॉवर्स की भी गुणवत्ता को ठीक किया जाए, जिससे इनका नेट ठीक से प्राप्त हो सके और कॉल ड्रॉप की समस्या से भी निजात मिल सके। इस दृष्टि से काम किया जाए।

मैडम, इसके अतिरिक्त हमारे बहुत सारे टॉवर्स इसलिए बंद पड़े हैं, क्योंकि उनकी बैट्रियां चोरी हो गई हैं। बिजली नहीं होने के कारण जब उनको बैट्री से चलना होता है तो बैट्री नहीं होने के कारण भी सारे टॉवर्स बंद पड़े हैं। इनको ठीक करने के लिए भी जो मैकेनिक लगाए गए हैं, जिनको टेंडर दिया गया है, उनका समय पर भुगतान नहीं होने के कारण वे लोग भी उस काम को डिले कर रहे हैं। इस तरह से क्षेत्र की जनता को बीएसएनएल, जियो, एयरटेल इन सभी से नेट नहीं मिलने के कारण और ठीक से व्यवस्था नहीं होने से भारी दिक्कत हो रही है। मैं अतिरिक्त टॉवर्स लगाने के साथ-साथ बीएसएनएल सहित बाकी कंपनियों का भी नेट ठीक चले, इस दिशा में माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। आपने समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

माननीय सभापति: श्री डी. एम. कथीर आनंद जी।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री जसबीर सिंह गिल जी।

…(व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री उदय प्रताप सिंह जी।

…(व्यवधान)